प्रादेशिक समाचार
दिनांक–17.04.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

****

लोकसभा में संविधान (एक सौ इकतीसवां संशोधन) विधेयक 2026, परिसीमन विधेयक 2026 और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक 2026 पर चर्चा हो रही है। इन तीनों विधेयकों का उद्देश्य लोकसभा और राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना है। तीनों विधेयकों पर आज दोपहर मतदान होना है।

****

हरिवंश नारायण सिंह लगातार तीसरी बार राज्यसभा के उपसभापति चुने गए हैं। वे निर्विरोध चुने गए। राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा ने उनके नाम का प्रस्ताव रखा। राज्यसभा के उपसभापति का पद श्री हरिवंश का कार्यकाल 9 अप्रैल को समाप्त होने के बाद रिक्त हो गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई की सेवानिवृत्ति से रिक्त हुए इस पद के लिए श्री हरिवंश को मनोनीत किया था।

****

जमशेदपुर में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। शहर की शिक्षाविदों, समाजसेवियों और जनप्रतिनिधि महिलाओं ने प्रधानमंत्री के इस प्रयास की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया है। उनका कहना है कि यह कदम उनके सशक्तिकरण के साथ–साथ उनके प्रति सम्मान को भी दर्शाता है।

****

झारखंड में नशे के कारोबार और अवैध अफीम की खेती पर लगाम लगाने के लिए पुलिस प्रशासन एक्शन मोड में आ गया है। इसी क्रम में अपराध अनुसंधान विभाग –सीआईडी झारखंड ने राज्य के विभिन्न जिलों के पुलिस कप्तानों के साथ एक अहम समीक्षा बैठक बुलाई है। बैठक में दुर्गम क्षेत्रों में अवैध अफीम की खेती को नष्ट करने के लिए चलाए जा रहे अभियानों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। साथ ही मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए अब तक की गई कार्रवाई का आकलन और आगे की रणनीति भी तैयार की जाएगी।

****

निरसा विधायक अरूप चटर्जी धनबाद के केंदुआडीह भु–धसान और गैस रिसाव प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान आजसू जिला अध्यक्ष मंटू महतो अपने समर्थकों और प्रभावित ग्रामीणों के साथ मौजूद रहे। निरीक्षण के बाद दोनों नेताओं ने केंदुआ पांच नंबर इमामबाड़ा क्षेत्र में प्रभावित लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। अरुप चटर्जी ने कहा कि इस समस्या को विधान सभा की विशेष समिति के समक्ष रखेंगे।

****

राज्य में बिजली की बढ़ी दरों और खराब आपूर्ति के खिलाफ आज भारतीय जनता पार्टी राज्यव्यापी धरना–प्रदर्शन कर रही है। राजधानी रांची सहित सभी जिला मुख्यालयों पर

भाजपा कार्यकर्ता घेराव कर रहे हैं। भाजपा का आरोप है कि सरकार उपभोक्ताओं को मनमाने बिल भेजकर आर्थिक बोझ डाल रही है, जिसे तुरंत वापस लिया जाना चाहिए।

****

पाकुड़ जिले में सुरक्षा और विधि–व्यवस्था को सुदृढ़ करने के साथ–साथ सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ पुलिस प्रशासन सक्रिय रूप से जागरूकता अभियान चला रहा है। इसी कड़ी में बाल विवाह की रोकथाम को लेकर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

****

रांची जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित लिटिल विंग्स स्कूल बी डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल कल खेला जाएगा। रांची के ओटीसी मैदान, हेहल में सुबह 9 बजे से नवभारत क्रिकेट क्लब और जेके क्रिकेट एकेडमी के बीच खिताबी भिड़ंत होगी। मैच के बाद दोपहर साढ़े तीन बजे पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा।

********समाप्त***********